# आयुष्मान भारत निरामयम योजना में नवाचार और सर्वोत्तम प्रयासों के लिये मध्य प्रदेश हुआ पुरस्कृत

## चर्चा में क्यों?

26 सितंबर, 2022 को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नई दिल्ली में आरोग्य मंथन 2022 कार्यक्रम के समापन-सत्र में मध्य प्रदेश को आयुष्मान भारत निरामयम और स्वास्थ्य योजनाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया।

## प्रमुख बिंदु

- गौरतलब है कि प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना के चार वर्ष और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के एक वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली में 25 सितंबर और 26 सितंबर को आयोजित दोदिवसीय 'आरोग्य मंथन'कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन-आरोग्य योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों को पुरस्कृत किया गया।
- प्रदेश को वर्ष 2021-22 में आयुष्मान भारत योजना में 'नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्य'के रूप में चुना गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने आयुष्मान भारत निरामयम और विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं में मध्य प्रदेश द्वारा किये गए अनुकरणीय कार्य और प्रगति की सराहना की है।
- प्रदेश में आयुष्मान भारत निरामयम योजना में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रतिदिन 4 हज़ार से अधिक लाभार्थियों को निःशुल्क उपचार दिया जा रहा है। राज्य एम्बुलेंस सेवा से योजना के पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क परिवहन प्रदाय किया जा रहा है।
- योजना में लाभार्थी केंद्रित 26 लाइन इनबाउंड और आउटबाउंड कॉल सेंटर स्थापित किये गए हैं। इनबाउंड कॉल सेंटर से लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत सूचना प्रदाय की जा रही है। समवर्ती लेखा परीक्षा और लाभार्थी फीडबैक लेने के लिए आउटबाउंड कॉल सेंटर स्थापित किया गया है।
- पीएमजेएवाई फंड से सरकारी अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। निरामयम प्रोत्साहन योजना में पंजीकृत होने वाले प्रत्येक प्रकरण के लिये चिकित्सक और उपचार करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाती है। रोगी कल्याण समितियों में जमा हुई राशि से अस्पतालों के बुनियादी ढाँचों को सुदृढ़ करने के प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य शासन ने अस्पतालों को इलाज के लिए पर्याप्त पैकेज लागत उपलब्ध कराने हेतु स्वास्थ्य लाभ पैकेज 2.2 कार्यक्रम को अपनाया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/madhya-pradesh-rewarded-for-innovation-and-best-efforts-in-ayushman-bharat-niramayam-yojana